पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

# एएसपी ने दौड़ करवाई, बैरक और क्वार्टर गार्ड का जायजा लिया



मोहित गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक परमार्थ आवाज

**श्रावस्ती।** जनपद में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई। यह कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए किया गया। एएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार और स्टोर की जांच की। आगामी प्रशिक्षण के लिए बैरक में उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन किया। प्रतिसार निरीक्षक को बैरक और आवासीय परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए। परेड ग्राउंड में चल रहे निर्माण और समतलीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारी ने इन कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। आदेश कक्ष में गार्ड रजिस्टरों की जांच की गई। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को प्राथमिकता देने की हिदायत दी गई।

# एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन में मंगलवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने रिजर्व पुलिस लाइन पहुंच कर परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण कर खामियों को दूर कराने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार व स्टोर, बैरक में संसाधनों की स्थिति का मूल्यांकन किया।